https://cm.jharkhand.gov.in/

मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

रांची,दिनांक: 12/09/2025

मुख्यमंत्री सचिवालय
प्रेस विज्ञप्ति --520/2025
12 सितंबर 2025
मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय, रांची
=====================

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन एवं विधायक श्रीमती कल्पना सोरेन से आज मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में झारखंड आईएएस ऑफिसर्स वाइव्स एसोसिएशन (जेसोवा) के प्रतिनिधिमंडल ने शिष्टाचार मुलाकात की। उन्होंने जेसोवा की ओर से राजधानी रांची के मोरहाबादी मैदान में 9 अक्टूबर से 13 अक्टूबर - 2025 तक आयोजित होनेवाले दिवाली मेला में सम्मिलित होने के लिए मुख्यमंत्री को सपरिवार आमंत्रित किया। उन्होंने 5 दिनों तक चलने वाले इस दिवाली मेले के दौरान आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों से भी मुख्यमंत्री को अवगत कराया। प्रतिनिधि मंडल ने जेसोवा के द्वारा किए जा रहे सामाजिक कल्याण से जुड़े कार्यों कार्यक्रमों और गतिविधियों की भी जानकारी मुख्यमंत्री को दी।

मुख्यमंत्री से मुलाकात करने वालों में जेसोवा की अध्यक्ष श्रीमती प्रीति कुमारी, सचिव श्रीमती मनु झा, कोषाध्यक्ष श्रीमती शिवानी सिंह, कार्यकारिणी समिति सदस्य श्रीमती रंजना कुमार एवं श्रीमती ज्योति मंजू शामिल थीं।

========================== #Team PRD(CMO)